सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



वसुन्धरा राजे
मुख्यमंत्री, राजस्थान



सुरेन्द्र गोयल
मंत्री, ग्रामीण विकास एवं
पंचायती राज विभाग, राजस्थान

# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण

PMAY (G)

From House to Home

मकान से घर

## 1,48,290/- रु. की सहायता राशि

"AwaasApp" मोबाईल एप

के द्वारा

## कैसे प्राप्त करें?

# मार्ग-दर्शिका

गूगल प्ले स्टोर से "AwaasApp" डाउनलोड कर
योजना की किश्तें आसानी से प्राप्त की जा सकती है।

---

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जनहित में जारी

**Website:** rdprd.gov.in, **Email:** pdengg_rdd@yahoo.com

# प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के आवास अनुदान के अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों को देय लाभ/सुविधाएं :–

- **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना :–**

  राशि रू. 3 लाख तक के योजनान्तर्गत व्यक्तिगत लाभ श्रेणी के तहत निम्न कार्य कराये जा सकते हैं :–

  - खेतों में फार्म पॉण्ड निर्माण।
  - कृषि भूमि में टांका निर्माण मय पायतन।
  - खेतों पर पानी की डिग्गी निर्माण (लाईनिग सहित)।
  - खड़ीन निर्माण।
  - बन्डिंग कार्य।
  - पक्की सहायक सिंचाई नालियों का निर्माण।
  - खेतों में सूखे पत्थर का चेक डेम का निर्माण।
  - खेतों में थोर फेसिंग कार्य (सिर्फ फेसिंग कार्य अनुमत नहीं)
  - चारा उत्पादन एवं वृक्षारोपण कार्य।
  - भूमि में मेड के चारों और वृक्षारोपण कार्य (Boundry Plantation)।
  - उद्यानिकी फसल विकास एवं फलदार पौधारोपण कार्य।

    उक्त कार्यो की अधिकतम राशि रू. 3 लाख के अतिरिक्त आवास के साथ **पशु छाया गृह (कैटल–शैड)** निर्माण कार्य (लागत अनुसार) भी कराया जा सकता है।

- **पेयजल की सुविधा :–**

  जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित NRDWP के प्रावधानानुसार स्वच्छ पेयजल सुविधा उपलब्ध।

- **विद्युत कनेक्शन :–**

  दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के प्रावधानानुसार विद्युत कनेक्शन की सुविधा।

- **साथ ही विभिन्न राज्य/केन्द्र प्रवर्तित** योजनाओं के प्रावधानानुसार सोलर लालटेन/सोलर लाईट व्यवस्था/सोलर स्ट्रीट लाईट एवं उन्नत चूल्हा उपलब्ध।

- **आवासीय भू–खण्ड आवंटन :–**

  ग्राम पंचायत के पास आबादी भूमि उपलब्धता अनुसार भूमिहीन परिवारों को नियमानुसार नि:शुल्क/रियायती दर पर आवासीय भू–खण्ड का आवंटन।

सत्यमेव जयते



**वसुन्धरा राजे**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

# संदेश

हर्ष का विषय है कि ''प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण'' के लाभार्थियों के लिए एक मार्गदर्शिका प्रकाशित की जा रही है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2022 तक सभी को आवास उपलब्ध कराने की दृष्टि से 23 मार्च, 2016 को केन्द्र सरकार की ''प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण'' आरम्भ की गई थी। इसके पीछे सरकार की मंशा है कि देश के प्रत्येक नागरिक के सिर पर छत का साया हो क्योंकि मनुष्य की तीन प्रमुख आवश्यकताओं रोटी, कपड़ा एवं मकान में आवास अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है।

आवास प्रकृति के प्रकोप से बचाने के साथ–साथ सामाजिक सुरक्षा तथा मानसिक सम्बल भी प्रदान करते हैं। आवास सुविधा मिलने से व्यक्ति के आत्मसम्मान और विश्वास में भी वृद्धि होती है। राज्य सरकार इस योजना को लागू करने के लिए संकल्पबद्ध है।

योजना के अन्तर्गत इकाई अनुदान राशि को 70 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख 20 हजार रुपये किया गया है। योजना में राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी सहयोग हेतु व्यवस्था कर सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग को भी सुनिश्चित किया गया है। ''महात्मा गांधी नरेगा'' से 16 हजार 290 रुपये एवं ''स्वच्छ भारत मिशन'' से स्वच्छ शौचालय निर्माण हेतु 12 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता को मिलाकर लाभार्थी को आवास निर्माण के लिए कुल 1 लाख 48 हजार 290 रुपये की सहायता उपलब्ध हो सकेगी।

नियत समय पर किस्तों का भुगतान सुनिश्चित हो सके इसके लिए एक मोबाइल उपयोगी सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। इसके उपयोग के लिए हिन्दी में एक मार्गदर्शिका प्रकाशित की जा रही है ताकि हिन्दी भाषी जनता योजना से भली–भांति लाभान्वित हो सके। आशा है मार्गदर्शिका से आम जनता को सही जानकारी मिल सकेगी और वे मार्गदर्शिका के उपयोग से ''सभी को आश्रय–2022'' के लक्ष्य को पूरा करने में राज्य सरकार के मददगार सिद्ध होंगे।

शुभकामनाओं सहित।

वसुन्धरा राजे

(वसुन्धरा राजे)

सत्यमेव जयते



**सुरेन्द्र गोयल**
मंत्री, ग्रामीण विकास एवं
पंचायती राज विभाग, राजस्थान

# संदेश

ग्रामीण क्षेत्र के आवासहीन व कच्चे आवास में निवास कर रहे परिवारों को पक्का आवास निर्माण हेतु अनुदान सहायता उपलब्ध करा कर आवास निर्माण करना ग्रामीण विकास विभाग की एक महत्वपूर्ण योजना 1996 से संचालित है, बढती हुई आवासों की मांग के मद्देनजर वर्तमान सरकार द्वारा सभी को 2022 तक आवास उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिस हेतु 01 अप्रेल, 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण प्रारम्भ की है।

इन्दिरा आवास योजना की खामियों को दूर करते हुये इसे सुदृढीकृत कर PMAY-G में महत्वपूर्ण बदलाव यथा अनुदान राशि बढाना, आवासों की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुकूल नक्शें, आवास निर्माण में स्थानीय सामग्री के उपयोग व मैसन प्रशिक्षण आदि के साथ सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग का भी प्रावधान किया गया है।

वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विभिन्न आवासीय योजनाओं के अन्तर्गत 6.62 लाख आवास पूर्ण कराये गये।

2022 तक सभी को आश्रय के सपने को पूर्ण करने के उद्देश्य की पूर्ति करने हेतु समयबद्ध अनुदान राशि हस्तांतरण हेतु महत्वपूर्ण आवश्यकता है। जिसके मद्देनजर आवास का निरीक्षण मोबाईल से किये जाने का प्रावधान किया गया है। जिसके उपयोग बाबत राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, भारत सरकार द्वारा प्रकाशित मार्गदर्शिका को सरल हिन्दी भाषा में प्रकाशित की जा रही है।

मुझे विश्वास है कि यह संक्षिप्त पुस्तिका सभी जरूरतमदों को स्वयं के आवास निर्माण के सपने को पूर्ण करने में सहायक होगी।

(सुरेन्द्र गोयल)

## मोबाईल एप्लीकेशन मोड्यूल का विवरण

❖ आवश्यक हार्डवेयर एंव सॉफ्टवेयर

- एन्ड्रॉइड ऑपरेटींग सिस्टम 4.0 या इससे अधिक
- जियो कोर्डिनेट्स के लिए जीपीएस सर्पोटेबल मोबाईल अनिवार्य
- इन्टरनेट
- मोबाईल में कैमरा

**1 लाभार्थी लॉगिन – लाभार्थी अपने स्वयं के आवास के (निरीक्षण, किश्त हेतु) इस माड्यूल का उपयोग कर सकते हैं।**

**इसमें चार प्रकार के लॉगिन उपलब्ध है:–**

- आईएवाई पंजीकरण नम्बर
- मोबाईल नम्बर जो उपयोग कर रहा है।
- आधार नम्बर का उपयोग
- महात्मा गांधी नरेगा का जॉब कार्ड नम्बर का उपयोग

❖ **उपरोक्त सभी में से कोई एक आईडी नम्बर का पंजीकरण / मेपिंग आवास सॉफ्ट पर एवं मोबाईल नम्बर, लॉगिन हेतु आवश्यक है।**




उपयोगकर्ता लॉगिन हेतु अपने स्तर का क्रिडेंशियल डालकर आवास की वर्तमान स्थिति देखकर निरीक्षण दर्ज कर सकते हैं।

लॉगिन उपरान्त लाभार्थी को वन टाईम पासवर्ड (OTP) उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर प्राप्त होगा, जिसका

उपयोग कर आगे की कार्यवाही की जावेगी। सही ओटीपी का उपयोग अधिकतम 3 बार किया जा सकता है 3 बार के उपरान्त पुन: लॉगिन किया जाना आवश्यक होगा।

ओटीपी इन्द्राज के उपरान्त एप्लीकेशन लाभार्थी द्वारा डाउनलोड की जावेगी।











लाभार्थी आवास का फोटो मय टाईम स्टाम एवं जीओ कार्डिनेट (अक्षांश एवं देक्षांश) के साथ अपलोड करेगा। लाभार्थी आवास निर्माण के अधिकतम 3 फोटो व न्यूनतम 1 फोटो प्रत्येक स्तर के ले सकता है । सम्बंधित टेब (ऑप्शन) वित्तीय एवं आर्डर शीट विवरण देख सकता है।





आवास की फोटो अपलोड करने से पूर्व आवास का स्थान फ्रीज किया जाना अनिवार्य होगा।

एक बार सफलतापूर्वक फोटो अपलोड के उपरान्त यूजर स्वत: ही लॉग आउट हो जाता है। अपलोडेड फोटो को देखने हेतु पुन: लॉगिन करना होगा।

निरीक्षण प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु ब्लॉक लॉगिन से आवास सॉफ्ट पर लॉगिन कर निरीक्षण किया जावेगा।

ब्लॉक लॉगिन द्वारा एक बार अपलोडेड फोटो में बदलाव नहीं किया जा सकेगा। उन्हें या तो स्वीकार या निरस्त करना होगा।




# इन्सपेक्टर लागिग

कार्य क्षेत्र स्तर के कार्मिक/ अधिकारी द्वारा इस लॉगिन का उपयोग ग्राम में निरीक्षण हेतु किया जावेगा।




वर्तमान में ब्लॉक स्तर पर आवास सॉफ्ट हेतु उपयोग में लिये जा रहे क्रिडेंशियल का ही उपयोग कर इन्सपेक्टर द्वारा पंचायत एवं ग्राम सलेक्ट कर ग्राम पंचायत व ब्लॉक डाउनलोड कर निरीक्षण दर्ज किया जावेगा।






ग्राम पंचायत एवं ग्राम को सलेक्ट करने के उपरान्त एप्लीकेशन समस्त स्वीकृत आवास जो अभी पूर्ण नही हुये हैं को प्रदर्शित करता है।

लाभार्थी की सूची में से किसी एक लाभार्थी को सलेक्ट करने पर विवरण प्रदर्शित होता है एवं इन्सपेक्टर लाभार्थी के आवास का फोटो मय समय व कार्डिनेट के दर्ज कर सकता है।







12:30 PM
आवास ऐप
व्यक्तिगत विवरण
आदेश पत्र के विवरण/वित्तीय विवरण
निरीक्षण विवरण
आदेश पत्र के विवरण
किस्त
वित्तीय वर्ष
मात्रा
आदेश पत्र नंबर
आदेश पत्र की तारीख
1
2014-2015
17500.0
520
2014-11-27
वित्तीय विवरण
किस्त
वित्तीय वर्ष
मात्रा
चेक नंबर
राशि हस्तांतरण की
1
2014-2015
17500.0
467499
2014-12-09



1:15 pm
PERSONAL...
INSPECTION...
FINANCIAL...
ORDER SHEE...
LOGOUT
Installment
Financial Year
Amount
OrderSheet No.
OrderSheet Date
1
2012-2013
4850.0
2018
2012-11-22
Exit from app
Do You Want to exit ?
Yes
No

## जोन–1

## जैसलमेर, बाडमेर, जालौर, जोधपुर, पाली, नागौर, हेतु मॉडल नक्शे

### डिजाईन :– 1






# जोन–1
## जैसलमेर, बाडमेर, जालौर, जोधपुर, पाली, नागौर, हेतु मॉडल नक्शे

### डिजाईन :– 2






## जोन :– 2

## अजमेर, भीलवाडा, राजसमन्द, चित्तौडगढ, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाडा, प्रतापगढ, जिलें हेतु मॉडल नक्शा






## जोन :– 3

## अलवर, भरतपुर, दौसा, जयपुर, धोलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक, बून्दी, कोटा, बांरा, झालावाड, जिले हेतु मॉडल नक्शा

### डिजाइन–1






## जोन :– 3

## अलवर, भरतपुर, दौसा, जयपुर, धोलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक, बून्दी, कोटा, बांरा, झालावाड, जिले हेतु मॉडल नक्शा

### डिजाइन–2






## जोन :– 4

## गंगानगर, हनुमानगढ, चूरू, बीकानेर, झुन्झुनु, सीकर जिले हेतु मॉडल नक्शा

### डिजाइन–1







PLAN OF CORE HOUSE

## जोन :– 4

## गंगानगर, हनुमानगढ, चूरू, बीकानेर, झुन्झुनु, सीकर जिले हेतु मॉडल नक्शा

### डिजाइन–2






PLAN OF CORE HOUSE

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें

## जिला स्तर पर कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद

| S. No. | District | STD Cord | Telephone No | | E-Mail |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | office | Fax no | |
| 1 | अजमेर | 0145 | 2620749 | 2620749 | pd-ajm-rj@nic.in |
| 2 | अलवर | 0144 | 2700003 | 2336101 | pd-alw-rj@nic.in |
| 3 | बासवाड़ा | 02962 | 240812 | 248360 | pd-ban-rj@nic.in |
| 4 | बारां | 07453 | 237223 | 237223 | pd-brn-rj@nic.in |
| 5 | बाड़मेर | 02982 | 220292 | 222041 | pd-bar-rj@nic.in |
| 6 | भरतपुर | 05644 | 222633 | 230303 | pd-bha-rj@nic.in |
| 7 | भीलवाडा | 01482 | 232605 | 231192 | pd-bhi-rj@nic.in |
| 8 | बीकानेर | 0151 | 2226004 | 2204921 | pd-bik-rj@nic.in |
| 9 | बून्दी | 0747 | 2443596 | 2443755 | pd-bun-rj@nic.in |
| 10 | चित्तौड़गढ़ | 01472 | 241265 | 245165 | pd-chi-rj@nic.in |
| 11 | चूरू | 01562 | 250594 | 255983 | pd-chu-rj@nic.in |
| 12 | दौसा | 01427 | 223532 | 223532 | pd-dau-rj@nic.in |
| 13 | धौलपुर | 05642 | 220776 | 220776 | pd-dho-rj@nic.in |
| 14 | डूंगरपुर | 02964 | 232220 | 231006 | pd-dun-rj@nic.in |
| 15 | गंगानगर | 0154 | 2445075 | 2445081 | pd-gan-rj@nic.in |
| 16 | हनुमानगढ़ | 01552 | 261094 | 263155 | pd-han-rj@nic.in |
| 17 | जयपुर | 0141 | 2202039 | 5111469 | pd-jaip-rj@nic.in |
| 18 | जैसलमेर | 02992 | 252410 | 252822 | pd-jai-rj@nic.in |
| 19 | जालोर | 07432 | 230436 | 230434 | pd-jal-rj@nic.in |
| 20 | झालावाड | 02973 | 222341 | 224034 | pd-jha-rj@nic.in |
| 21 | झुंझुंनु | 01592 | 232318 | 233773 | pd-jhu-rj@nic.in |
| 22 | जोधपुर | 0291 | 2650313 | 2650707 | ceo-jod-rj@nic.in |
| 23 | करौली | 07464 | 250630 | 251011 | pd-kar-rj@nic.in |
| 24 | कोटा | 0744 | 2500508 | 2320721 | pd-kot-rj@nic.in |
| 25 | नागौर | 01582 | 240250 | 242179 | pd-nag-rj@nic.in |
| 26 | पाली | 02932 | 252806 | 252809 | pd-pal-rj@nic.in |
| 27 | प्रतापगढ़ | 01478 | 220007 | 221121 | pd-pra-rj@nic.in |
| 28 | राजसमन्द | 02952 | 220568 | 220568 | pd-raj-rj@nic.in |
| 29 | सवाई माधोपुर | 07462 | 220231 | 220544 | pd-saw-rj@nic.in |
| 30 | सीकर | 01572 | 270669 | 259527 | pd-sik-rj@nic.in |
| 31 | सिरोही | 02972 | 221052 | 221973 | pd-sir-rj@nic.in |
| 32 | टोंक | 01432 | 247117 | 247117 | pd-ton-rj@nic.in |
| 33 | उदयपुर | 0294 | 2414428 | 2412973 | pd-uda-rj@nic.in |
| | राज्य स्तर पर | | | | |
| 1 | शासन सचिव, ग्रामीण विकास, शासन सचिवालय, जयपुर | 0141 | 2227390 | 2227155 | secy-rd-rj@nic.in |
| 2 | अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग, अनु.-5 | 0141 | 2227177 | 2227379 | pdengg_rdd@yahoo.com जयपुर अथवा 9116057308 पर SMS/Whatsapp द्वारा |

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जनहित मे जारी

Website: rdprd.gov.in -Email: pdengg_rdd@yahoo.com

# "सभी को आश्रय-2022"

## रू. 1,48,290/– की अनुदान राशि प्राप्त करने हेतु क्या करें?

1. **पात्रताः–** SECC-2011 से तैयार वरीयता सूची के परिवार, वरीयता के आधार पर।
2. **आवेदन हेतु सम्पर्क केन्द्र :–** ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/टेग–अधिकारी/ई–मित्र केन्द्र
3. **आवश्यक दस्तावेज :–** प्रधानमंत्री जनधन/भामाशाह अन्तर्गत खुलवाया गया बैंक खाता नम्बर, भामाशाह कार्ड नम्बर/आधार नम्बर, नरेगा जॉब कार्ड नम्बर, मोबाईल नम्बर, परिवार के मुखिया की फोटो एवं भू–खण्ड/जमीन के दस्तावेज।
4. **देय अनुदान :–** योजनान्तर्गत 1,48,290/– रू. राशि का अनुदान निम्नानुसार देय होगाः–
   - PMAY-G – अनुदान रू. 1,20,000/– तीन किश्तों में (30 हजार, 60 हजार, 30 हजार रू.)
   - स्वच्छ भारत मिशन :– शौचालय निर्माण पूर्ण व उपयोग में लेने पर रू. 12,000/–
   - महात्मा गांधी नरेगा से 90 अकुशल श्रमिक मानव दिवस का पारिश्रमिक :– रू. 16,290/– तक
5. **बैंक से आवास ऋणः–** राशि रु. 70,000/– तक, इच्छुक लाभार्थियों को बैंक से ऋण उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान किया जावेगा।
6. **''AwaasApp'' मोबाईल एप का उपयोग :–**
   - गूगल प्ले स्टोर से ''AwaasApp'' डाउनलोड कर योजना की किश्तें आसानी से प्राप्त की जा सकती है।
   - मोबाईल एप का उपयोग कर फोटो अपलोड करने पर किश्त हेतु पृथक से आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी।
7. **शिकायत/परिवेदना हेतु सम्पर्क सूत्र :–**
   - राजस्थान सम्पर्क पोर्टल http://sampark.rajasthan.gov.in/ पर ऑन–लाईन।
   - वेब पोर्टल iay.nic.in पर Public Grievance Redressal System पर ऑन–लाईन।
   - राज्य स्तरीय मोबाईल नम्बर 9116057308 पर SMS/WhatsApp के माध्यम से।



"मकान से घर"

**ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जनहित मे जारी**

**Website: rdprd.gov.in -Email: pdengg_rdd@yahoo.com**